राजभाषा पखवाड़ा 2019 का समापन समारोह

एमसीएल में दिनांक 14 से 28 सितम्बर तक मनाये जाने वाले राजभाषा पखवाड़ा का समापन भव्य अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के साथ 28 सितम्बर की शाम को जागृति विहार स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बी.एन. शुक्ला, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने की तथा इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ओ.पी सिंह, निदेशक (यो/परि) श्री के.के. मिश्रा तथा वरिष्ठ सलाहकार श्री एल.एन. मिश्रा एवं श्रीमती मंजुला शुक्ला, अध्यक्षा, जागृति महिला मंडल तथा श्रीमती मधु मिश्रा भी उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जी.एम. विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो० के.पी. गुप्त एवं हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार के पूर्व हिंदी प्राध्यापक डॉ० हरिश्चन्द्र शर्मा उपस्थित थे।
अध्यक्ष महोदय ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता ही पुरस्कार है तथा हमें खुशी है कि इतनी बड़ी संख्या में कार्मिक अत्यंत उत्साह के साथ इन प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी सहज एवं सरल भाषा है तथा इसे अपने कार्य में अपनाया जाए।

इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों और राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार से क्षेत्रों और मुख्यालय के विभागों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हास्य कविता जगत के जाने माने कवि पद्मश्री डॉ० सुरेंद्र दूबे दुर्ग छ.ग., मशहूर कवि श्री प्रताप फौजदार, दिल्ली, प्रसिद्ध शायरा सुश्री शबीना अदीब, कानपुर , श्री दिनेश बावरा, मुम्बई और श्री रोहित शर्मा, मुम्बई ने अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में शिरकत की। कवियों के हास्य रस से पूर्ण कविताओं और शायरियों से सभागार ठहाकों से गूंज उठा। क्षेत्रों एवं विभागों के आगत अतिथियों ने अत्यंत उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया।

अखिल भारतीय
दिनांक: 28

MCL राजभाषा पखवाड़ा 2019
समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह एवं
अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

MCL राजभाषा पखवाड़ा 2019
समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह एवं
अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन
दिनांक: 28 सितम्बर, 2019